an>

Title: Need to set up an Agriculture University in Siwan parliamentary constituency, Bihar.

श्री ओम प्रकाश यादव (सीवान)ः मेरे संसदीय निर्वाचन क्षेत्र सिवान (बिहार) में कृषि विद्यालय का सपना जो भारत के प्रथम राष्ट्रपति भारत रत्न डॉ राजेन्द्र प्रसाद जी ने देखा था, वह अभी भी अधूरा है। ज्ञात हो कि भारत रत्न डॉ. राजेन्द्र प्रसाद जी ने अपने गॉव जिरादेई के किसानों को कृषि का गुर सिखाने के लिए सन 1955 में कृषि विश्वविद्यालय की नींव रखा थी और उन्होंने अपने भाषण में कहा था कि भारत की आत्मा गॉवों में बसती है और गॉव के लोग कृषि पर निर्भर है। इसलिए गृहस्थी को चलाने के लिए कृषि को सजोना बहुत आवश्यक है। सिवान के किसानों को नई तकनीक एवं विशेषज्ञों की सलाह मिले, इसके लिए सिवान में कृषि महाविद्यालय की स्थापना आवश्यक है।

अतः मेरा केन्द्र सरकार से अनुरोध है कि सिवान में कृषि महाविद्यालय की स्थापना कराने हेतु आवश्यक कदम उठाए जाएं जिससे भारत रत्न डॉ. राजेन्द्र प्रसाद जी के देखे गए स्वप्न और किए हुए प्रयास सार्थक हो सकें।Â